**जनसुनवाई** | विकलांग व्यक्ति को तहसीलदार के शासकीय वाहन पर भेजा प्रमाण पत्र बनाने

# जनसुनवाई में दिखी संवेदनशीलता, वर्षों से भटक रहे लोगों को मिली राहत

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह. मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कई ऐसे मामले सामने आए जिनका अधिकारियों ने गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया. अधिकारियों की तत्परता देखकर उपस्थित लोगों ने उनकी कार्यशैली की सराहना की.कुछ मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया,**

जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए.जनसुनवाई में ग्राम रेंगते हुए पहुंचे सुरेश पिता उस्ताज घोसी तहसील कार्यालय के प्रवेश द्वार पर ही अपनी व्यथा सुनाकर भावुक हो गए.इस दौरान एसडीएम सहित सभी अधिकारी उनके पास पहुंचे. एसडीएम सी.जी. गोस्वामी ने उनकी समस्या सुनी. सुरेश ने बताया कि



दो वर्ष पूर्व उन्हें अचानक लकवा मार गया था, जिसके बाद वह न तो चल सकते हैं और न ही खड़े हो सकते हैं. उन्होंने बताया कि दो बार दमोह जाकर भी उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बन सका.सुरेश ने कहा कि यदि उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र बन जाता है तो उन्हें मासिक पेंशन का लाभ मिल सकेगा और व्हीलचेयर मिलने पर आवागमन में सुविधा होगी. इसी प्रकार ग्राम खमरिया की एक महिला ने तहसीलदार डॉक्टर विवेक व्यास को आवेदन देकर बताया कि उसके पुत्र को सर्पदंश होने के बाद उपचार में काफी धनराशि खर्च हो गई, जिससे परिवार आर्थिक संकट में है. तहसीलदार ने महिला के दस्तावेज प्राप्त कर हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया.वहीं वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद इंदु मालवीय ने आवेदन देकर क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट की समस्या उठाई. उन्होंने बताया कि कई दिनों से घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.उन्होंने समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की.भगीरथ साहू वार्ड नो निवासी ने एस डी एम को आवेदन देकर बताया है कि उनके घर के पास नाली को लेकर ज्ञापन दिया है कि पड़ोसी पवन सोनी आये दिन विवाद करता है गली गलौज करता है समस्या का निराकरण करके व्यक्ति पर कार्यवाही की जाये.जनसुनवाई के दौरान एसडीएम सी.जी. गोस्वामी, तहसीलदार विवेक व्यास, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी, जनपद सीईओ मनीष बागरी, सीबीएमओ डॉ. अशोक बरौनियां, बीईओ नितेश पांडे, बीआरसी पी.एल. अहिरवाल, महिला वबाल विकास परियोजना अधिकारी पूजा ठाकुर, कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, नगर परिषद, विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

### आवेदनों के शीघ्र निराकरण के दिये निर्देश

इस पर एसडीएम ने तत्काल सीबीएमओ डॉ. अशोक बरौनियां को आवश्यक निर्देश दिए तथा तहसीलदार के शासकीय वाहन से उन्हें जिला अस्पताल भेजकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने की व्यवस्था कराई.साथ ही शीघ्र व्हीलचेयर उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया गया.




## मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया व पौधरोपण किया

**नवभारत,दमोह।** मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर ,मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह के समस्त पदाधिकारियों की ओर से बहुत बहुत शुभकामनाएं व बधाई दी, आप हमेशा स्वस्थ रहें व दीर्घायु हो,यही प्रभु भोलेनाथ से प्रार्थना करते है। इसी उपलक्ष्य में आज शासकीय हाई स्कूल हिरदेपुर दमोह परिसर में वृक्षारोपण कर जन्मदिवस मनाया गया जिसमें जिलाध्यक्ष प्रमोद अहिरवार मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह व हिरदेपुर हाई स्कूल प्राचार्य श्रीमति मेनका सोनी,शिक्षक तुलाराम अहिरवार, मुकेश कुर्मी बाबू, सरोजिनी सर्राठी समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहें.



## हिंडोरिया और पटेरा ब्लॉक में प्रचार रथ के माध्यम से गांव-गांव पहुंचा मलेरिया जागरूकता संदेश

**नवभारत,दमोह.** मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश कुमार अठया के निर्देशन में मलेरिया निरोधक माह जून के अंतर्गत जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में हिंडोरिया ब्लॉक के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया प्रचार रथ द्वारा लोगों को मलेरिया से बचाव व नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी गई। प्रचार अभियान के दौरान हिंडोरिया शहरी क्षेत्र सहित मारूताल, हथनी, जोरतला, राजापटना, टोरी, इमलियाघाट, लकलका, मनका व भूरी गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नागरिकों को पंपलेट वितरित कर मच्छरों से बचाव, साफ-सफाई व जलभराव रोकने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

### इमलियाघाट में सेक्टर स्तरीय व ग्राम पंचायतों में कार्यशालाएं आयोजित

हिंडोरिया ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमलियाघाट में सेक्टर स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। वहीं बांदकपुर, अभाना व मारूताल ग्रामों में पंचायत स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन कर ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के उपाय विस्तारपूर्वक समझाए गए।

## भारत सरकार के वेव बाजार में शामिल हुई फिल्म द कार्सड क्वीन



**नवभारत,दमोह.** भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने वेब बाजार का शुभारंभ किया गया है.देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वेब वीडियो और एंटरटेनमेंट बाजार का शुभारंभ इस उद्देश्य से किया था की वैश्विक स्तर पर भारत अपनी जगह बना सके, इसमें देश भर के विभिन्न क्षेत्रों में बनी हुई फिल्मों को शामिल किया गया है बुंदेलखंड के राई नृत्य करने वाली नृत्यांगनाओं पर बनी फिल्म द कार्सड क्वीन को इस डॉक्यूमेंट में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है इस वेब बाजार डॉक्यूमेंट का उद्देश्य है कि इसके जरिए पूरे विश्व के फिल्म निर्माता भारत देश की विभिन्न फिल्मों को देख सके और उन पर रिसर्च कर आगे बड़े कैनवास पर फिल्मों का निर्माण कर सके इसी क्रम में दमोह के जाने-माने फिर निर्माता निदेशक रश्मि जेता द्वारा बनाई गई फिल्म द कार्सड क्वीन (अभिशप्त रानियां) फिल्म को भारत सरकार ने इस डॉक्यूमेंट में शामिल किया है नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा वेब बाजार का एडिशन जारी किया गया।



## यातायात नियम तोड़ने वालों पर दमोह पुलिस सख्त

**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के निर्देशन में यातायात नियमों का पालन कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दमोह पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। 15 जून 2026 को जिले भर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 101 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 51,500 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। कार्रवाई के दौरान बिना लाइसेंस वाहन चलाना, बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट, मोडिफाइड साइलेंसर, शराब पीकर वाहन चलाने सहित अन्य नियमों के उल्लंघन पर चालान बनाए गए। थाना यातायात, कोतवाली, दमोह देहात एवं अन्य थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई की गई। दमोह पुलिस ने आमजन से अपील की है कि स्वयं व नागरिकों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें।

## कलेक्टर ने किया हेडलबर्ग सीमेंट फैक्ट्री का औचक निरीक्षण

- श्रमिकों के अधिकारों में अनियमितता पाए जाने पर केस रजिस्टर कर नियमानुसार सख्त कार्रवाई के निर्देश, श्रमिकों से कलेक्टर ने की चर्चा

**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने मंगलवार नरसिंहगढ़ स्थित हेडलवर्ग सीमेंट फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान श्रमिकों से बातचीत में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई. कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित कलेक्ट्रेट रेट के अनुसार श्रमिकों को भुगतान नहीं किया जा रहा है तथा उनसे निर्धारित 8 घंटे से अधिक कार्य कराया जा रहा है,साथ ही ओवरटाइम का भुगतान भी नहीं दिया जा रहा है. इस दौरान




एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया और तहसीलदार वृंदेश पांडे तथा श्रम विभाग के अधिकारी आशा मेम मौजूद रही.

### सुरक्षा उपकरण व मूलभूत सुविधाओं का अभाव

निरीक्षण के दौरान श्रमिकों ने बताया कि उन्हें हेलमेट, सुरक्षा जूते, चश्मे सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं और उन्हें अपने खर्च पर ये सामग्री खरीदनी पड़ रही है। इसके अतिरिक्त श्रमिकों को वेतन पर्ची नहीं दी जा रही है तथा भोजन करने के लिए उचित स्थान की भी व्यवस्था नहीं है.कलेक्टर श्री यादव ने कहा श्रमिकों का भुगतान एकमुश्त और समय पर किया जाना चाहिए, प्रबंधन के खिलाफ केस रजिस्टर कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.



### पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था सुधारने के निर्देश

श्रमिकों द्वारा वाहन चोरी और पेट्रोल चोरी की शिकायत पर कलेक्टर ने फैक्ट्री प्रबंधन को निर्देश दिए कि श्रमिकों के वाहनों के लिए परिसर के अंदर सुरक्षित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी प्रकार की क्षति या चोरी की घटना न हो.

## रॉयल राजपूत क्षत्रिय समाज ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**नवभारत।दमोह,** बांसा तारखेड़ा। रॉयल राजपूत ग्रुप एवं राजपूत क्षत्रिय समाज बांसा के सान्निध्य में वर्ष 2026 का प्रतिभा सम्मान समारोह अलंकरण 8 बांसा तारखेड़ा स्थित यशराज गार्डन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान रॉयल राजपूत ग्रुप द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रामशंकर राजपूत ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेंद्र सिंह सिसोदिया एवं राम आर जे सागर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन रॉयल राजपूत ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य राजीव सिंह राजपूत द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना विकास सिंह ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय श्री क्षत्रिय राजपूत सभा मध्यप्रदेश प्रांत कार्यकारणी के गुलाब सिंह पंवार ने शिक्षा को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज शिक्षा, इंजीनियरिंग सहित अन्य उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में आने वाले शैक्षणिक खर्च में यथासंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। समारोह में भोपाल, इंदौर, सागर, गढ़ाकोटा, देवरी कलॉं, जबलपुर, सिहोरा, सतना, शहडोल, छिंदवाड़ा, सिवनी अमरवाड़ा, मुंगावली, अशोकनगर, गुना, बेगमगंज, राहतगढ़ आदि जिलों से स्वाजातीय बंधुओं में डॉ. जगत सिंह राजपूत, विश्वनाथ सिंह पंवार, कृष्णा सिंह,के पी सिंह, बसंत सिंह,कमलेश सिंह,उमेश सिंह, प्रीतम बन्नान, आशीष ठाकुर, राहुल सिंह, विजय सिंह, नितिन सिंह (पत्रकार), पदम सिंह, देवीसिंह,बलबीर सिंह, राजेशसिंह सिंह, विक्रम सिंह,पुष्पराज सिंह, संतोष सिंह, मनोहर सिंह पूर्व सरपंच,आशुतोष पवार,आदि उपस्थित रहें.




## शरबत पिलाकर दिया विशेष योगदान

**नवभारत,दमोह।** शहीदों के सरताज सिखों के पांचवें गुरु गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी गुरूपर्व मंगलवार को बड़े श्रधापूर्वक सिख समाज द्वारा मनाया गया. इंदरजीत सिंह अरोरा ने बताया की जहांगीर के आदेश पर 30 मई, 1606 ईस्वी को श्री गुरू अर्जुन देव जी को लाहौर में भीषण गर्मी के दौरान यासा व सियासत कानून के तहत लोहे के गर्म तवे पर बिठाकर शहीद कर दिया गया.





## भारत निरंतर विकास की ओर अग्रसर है : सांसद


### मोंदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर राहुल सिंह ने प्रबुद्धजनों से की चर्चा

**कुम्हारी नवभारत 16 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने क्षेत्र के वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध नागरिकों से मुलाकात कर सुशासन, सेवा और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा की। इस दौरान सांसद राहुल सिंह ने सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. जीपी गुप्ता एवं सेवानिवृत्त शिक्षक फूल सिंह यादव से भेंट कर उनके अनुभवों को सुना तथा समाज सेवा के प्रति उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवा भाव ही समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और अखंड भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

## तिलक लगाकर शिक्षकों ने किया बच्चों का स्वागत

### ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद शालाएं शुरू

**कुम्हारी नवभारत 16 जून।** ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद 16 जून से कक्षा प्रथम से 12वीं तक के सभी विद्यालय खुल चुके हैं। संकुल कुम्हारी से जुडी शालाओं मे विद्यार्थियों की कक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। प्रथम दिन प्राचार्य व शिक्षकों ने विद्यालय आने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। प्राथमिक शाला धनगुवा में प्रधान पाठक नरेश लखेरा ने बच्चों को तिलक लगाया, वही गाढ़ाघाट, पटेरिया, घुघरा, कजरा माफ़ी, जोगी डाबर, आदि शालाओं के छात्रों का प्रवेश उत्सव मनाया गया। शालाओं में विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया गया।




### ई- अटेंडेंस से शिक्षक समय पर आ रहे

इस दौरान पालकों से आग्रह किया गया कि विद्यार्थियों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें ताकि वह पढ़ाई मैं पीछे नहीं रह पाए। इस सत्र में ई-अटेंडेंस की सख्ती के कारण सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंच रहे हैं। अत: सभी पालकों से आग्रह है कि वह भी अपने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय भेजें ताकि निर्धारित समय तक विद्यालय में पढ़ाई का माहौल बना रहे।

## एक नजर में




### महाराणा प्रताप शौर्य यात्रा आज, महाराणा प्रताप स्मारक सें शाम 5 :00 बजे से प्रारंभ होगी

**नवभारत,दमोह.** जिला राजपूत क्षत्रिय महासभा द्वारा 17 जून को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के पावन उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.इस अवसर पर शौर्य यात्रा एवं वाहन रैली निकाली जाएगी. साथ ही मंचीय कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा. महासभा विगत लगभग 50 वर्षों से निरंतर इस गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करती आ रही है. इस वर्ष के आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा.महासभा का उद्देश्य ऐसे प्रतिभाशाली व समाजसेवी व्यक्तियों को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान को और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ा सकें.इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यादवेंद्र सिंह बुंदेला (दद्दा) विधायक पूर्व मंत्री टीकमगढ उपस्थित रहेगें.



### पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पतलौनी में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित

**नवभारत,दमोह।** पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल, पतलौनी में 16 जून को नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह व हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने तथा मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा शिक्षा जीवन को नई दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम है।प्रत्येक विद्यार्थी में असीम संभावनाएँ होती हैं, जिन्हें सही मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर प्रयास के माध्यम से निखारा जा सकता है। विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि संस्कार, व्यक्तित्व निर्माण और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का केंद्र है।

## नाबालिग को बहला-फुसलाने का मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

### हिन्दू संगठन के साथ परिजन पहुंचे थाने, पुलिस ने की कार्रवाई

**नवभारत,दमोह।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और परिजनों को धमकाने का मामला सामने आया है। मामले की जानकारी मिलने पर हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोग पीड़िता और उसके परिजनों के साथ कोतवाली थाने पहुंचे। पीड़िता के बयानों के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार जबलपुर नाका क्षेत्र निवासी आरोपी साहिल खान पर नाबालिग को प्रेमजाल में फंसाने का आरोप है। परिजनों का आरोप है कि आरोपी नाबालिग को अपनी पत्नी बताकर उसकी फोटो भी इंटरनेट पर अपलोड कर रहा था। मामले की जानकारी परिजनों और संगठन के लोगों को मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की.इस दौरान हिंदू जागरण मंच संयोजक राहुल सिंह परिहार, संजय जैन, कपिलकांत नायक, विवेक सेन, प्रभा शिवहारे, नित्या प्यासी, इंदु वैद्य, दीपक तिवारी, श्रीमति राठौर मौजूद रहे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## डायल-112 की तत्परता से महिला की बची जान

**नवभारत,दमोह।** जिले के थाना दमोह देहात अंतर्गत ग्राम हिरदेपुर में पति-पत्नी के बीच हुए पारिवारिक विवाद के दौरान एक महिला द्वारा कमरे में बंद होकर आत्महत्या का प्रयास किए जाने की सूचना पर डायल-112 टीम ने तत्परता, संवेदनशीलता व सूझबूझ का परिचय देते हुए महिला की जान बचाई। 15 जून 2026 को रात्रि 11:39 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को उक्त घटना की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही दमोह डायल-112 कंट्रोल में पदस्थ आरक्षक 131 राकेश रैकवार द्वारा तत्काल एफआरवी-03 को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया.सूचना पर डायल-112 स्टाफ आरक्षक अखलेश छारी व पायलट संतोष मौके पर पहुंचे.वहां महिला ने स्वयं को कमरे में बंद कर लिया था तथा उसकी मानसिक स्थिति तनावपूर्ण थी। डायल-112 टीम ने धैर्य एवं समझदारी का परिचय देते हुए खिड़की के माध्यम से महिला से लगातार संवाद स्थापित किया और उसे शांतिपूर्वक समझाइश दी.काफी प्रयासों व सकारात्मक बातचीत के बाद महिला ने दरवाजा खोला. तत्पश्चात डायल-112 टीम ने परिजनों को भी समझाइश देकर पारिवारिक विवाद को शांत कराया तथा महिला को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया।डायल-112 टीम की त्वरित कार्रवाई, मानवीय संवेदनशीलता एवं सूझबूझ के कारण एक अनमोल जीवन सुरक्षित बचाया जा सका। पुलिस की जनसेवा,संवेदनशीलता व आमजन की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**चोरियां** | खाली मकानों को बनाया निशाना, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

# चोरों का आतंक, एक ही रात में 6-7 जगह चोरी से मचा हड़कंप

**नवभारत,पटेरा/दमोह.** दमोह जिले के थाना पटेरा क्षेत्र में एक बार फिर चोरों की सक्रियता ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। बीती रात चोरों ने एक साथ कई स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों ने खासतौर पर उन घरों और कार्यालयों को निशाना बनाया जो खाली थे।जानकारी के अनुसार हटा रोड स्थित मुक्तिधाम के पास बने मकानों में चोरों ने धावा बोला। सुबह जब सरपंच महेश दुबे अपने कार्यालय पहुंचे तो वहां का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। चोर कार्यालय में रखी गोदरेज



अलमारी को भी उठाकर करीब 200 मीटर दूर ले गए, जहां उसे तोड़कर खंगाला गया और बाद में वहीं छोड़कर फरार हो गए।इसी तरह मुलु साहू की गोदाम का भी ताला टूटा मिला। गोदाम के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। इसके अलावा चोपड़ा रोड पर भी करीब तीन मकानों के ताले टूटे पाए गए और चोरी की वारदात सामने आई।एक ही रात में 6-7 स्थानों पर चोरी की घटना से पटेरा नगर में भय और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बावजूद रात्रि गश्त व्यवस्था प्रभावी नजर नहीं आ रही है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और रात्रि गश्त को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

एक साथ इतनी बड़ी चोरी की वारदात ने पटेरा की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### दिनदहाड़े चोरी, लाखों के जेवरात व नगदी पर चोरों ने किया हाथ साफ



नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह.जबेरा थाना अंतर्गत सिंग्रामपुर चौकी क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है.चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए घर में घुसकर नगदी और जेवरात सहित लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया।घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है.प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंग्रामपुर के टगरा मोहल्ला निवासी रोशनी रैकवार पति मदन रैकवार मंगलवार को अपने बच्चों के साथ अपनी मां का हालचाल जानने के लिए ग्राम लमतरा गई थीं.उनका एक पुत्र परीक्षा देने स्कूल गया हुआ था, जबकि पति मदन रैकवार ट्रक चालक हैं और काम के सिलसिले में दमोह गए हुए थे.घर पूरी तरह सूना होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने दोपहर के समय चोरी की वारदात को अंजाम दिया.बताया जा रहा है कि परीक्षा देकर जब बड़ा पुत्र घर लौटा और ताला खुला देखा घर के अंदर प्रवेश किया तो घर का पूरा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला. गोदरेज और अलमारी खुली हुई थीं तथा सामान बिखरा पड़ा था. यह देखकर उसने तुरंत अपनी मां को सूचना दी.


**नाम सुधार सूचना**

मैं शपथकर्ता श्री नरेन्द्र बजाज उम्र 63 वर्ष, जाति बजाज आत्मज श्री खेमचंद बजाज निवासी.. असाटी वार्ड नं. 1 तहसील दमोह जिला दमोह शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ, 1. यह कि मैं असाटी वार्ड नं. 1 दिल्ली वाला कारखाना दमोह म.प्र. का निवासी हूँ, 2. यह में मेरा पुराना पासपोर्ट क्रमांक Q5091104 जिसमें मेरा नाम नरेन्द्र कुमार बजाज लिखा हुआ है। चूंकि वर्तमान में मेरे सभी दस्तावेजों जिसमें आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड में मेरा नाम नरेन्द्र बजाज पिता श्री खेमचंद बजाज दर्ज है। अत: अब यही नाम पासपोर्ट में भी दर्ज किया जावे, एवं मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

पुराना नाम
नरेन्द्र कुमार बजाज
नया नाम
नरेन्द्र बजाज

RO.- 041